**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,**
**आकाशवाणी, लखनऊ।**

प्रसारण तिथि : 11.01.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. कल से प्रदेश भर में शुरू होंगे यूपी स्थापना दिवस के तहत विविध कार्यक्रम : मुख्य सचिव एस. पी. गोयल ने सभी विभागों और जिलों को जारी किये निर्देश।
2. कृषि मंत्री सर्य प्रताप शाही ने राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में कृषि को बताया महत्वपूर्ण : कहा– दलहन और तिलहन उत्पादन में प्रदेश को बनाना है आत्मनिर्भर।
3. केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने विकसित भारत जी–राम–जी योजना का ग्रामीण रोजगार के लिए बताया नई क्रांति।

और

4. वाराणसी में 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबाल चैम्पियनशिप का समापन : पुरूष वर्ग में रेलवे और महिला वर्ग में केरल की टीम बनी विजेता।

————————

उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के सिलसिले में 12 से 26 जनवरी तक प्रदेश भर में विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने इस संबंध में सभी विभागों और जिलों को निर्देश जारी किए हैं। एक रिपोर्ट...

*12 जनवरी को युवा दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम कराए जाएंगे। इसके बाद 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कार्यक्रम होंगे। 24 से 26 जनवरी तक यूपी दिवस का तीन दिवसीय आयोजन किया जाएगा। यूपी दिवस पर राज्य स्तरीय आयोजन लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर किया जाएगा। वहीं जिलों में प्रदर्शनी, संगोष्ठी, वीर रस की कविताओं का पाठ, सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिता, रोड शो, पारंपरिक खेल आयोजित होंगे। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

———————————

उपमंख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि जी–राम–जी योजना ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। श्री मौर्य ने आज वाराणसी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मनरेगा की जगह लाया गये जी राम जी अधिनियम के प्रावधानों से श्रमिकों को निर्धारित समय पर भुगतान मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि इससे गांवों में तेजी से विकास का रास्ता भी प्रशस्त होगा। बाइट...

*विकसित भारत जी रामजी के रूप में नया अधिनियम बन चुका है। पहले श्रमिकों को 1 वर्ष में 100 दिन काम की गारंटी थी। अब 125 दिन काम की गारंटी है। पहले ग्राम सभाएं जो विकसित होती थी, उन्हीं का विकास करते जाते थे जो पीछे छूट जाती तो पीछे रह जाती थी। अब जो पीछे छूटी हैं, उनकी भी श्रेणी बनाई जाएगी। जो आगे बढ़ गई उनकी भी श्रेणी बनाई जाएगी। अर्थात ए बी सी कैटेगरी होगी।*

उधर, केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने शाहजहांपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए जी राम जी योजना को ग्रामीण रोजगार के लिये एक नई क्रांति बताया है। श्री प्रसाद ने बताया कि योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाला रोजगार सौ दिनों से बढ़ा कर 125 दिन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा की जगह पर लाई गई इस योजना के तहत गांवों के विकास का खाका ग्राम पंचायत स्तर पर भी बनाया जा सकेगा।

————————

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में कृषि क्षेत्र की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। श्री शाही ने यह बात आज देवरिया में मीडिया से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि राज्य में कृषि योजनाओं का विस्तार कर आम किसानों को फायदा पहुंचाया जा रहा है ताकि उनकी आय में बढ़ोत्तरी हो। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य दलहन और तिलहन उत्पादन में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाना है। इस क्रम में जायद फसलों को बढ़ावा देने के लिए गन्ना किसानों को दलहन और तिलहन के बीज उपलब्ध कराये जायेंगे ताकि किसान एक ही खेत में दो फसलें उगा सके। श्री शाही ने कहा कि राज्य के 45 जिलों के किसानों को मूंग सहित अन्य दलहनी फसलों के लिये बीज मुहैया कराये जायेंगे।

————————————

प्रगति तंत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा और अनुश्रवण से बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और जन शिकायतों का समाधान सम्भव हुआ है। इस विशेष श्रृंखला में आज पेश है राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–56 क लखनऊ–सुल्तानपुर खंड को चार लेन बनाए जाने पर रिपोर्ट...

*प्रधानमंत्री के प्रगति प्लेटफॉर्म के तहत नेशनल हाइवे संख्या–56 के लखनऊ–सुल्तानपुर खंड को चार लेन में विकसित किए जाने की महत्वाकांक्षी परियोजना की समीक्षा के बाद इस कार्य में उल्लेखनीय तेजी आई है। समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि भूमि अधिग्रहण, उपयोगिता सेवाओं के स्थानांतरण और विभिन्न विभागों के बीच तालमेल की कमी की वजह से प्रोजेक्ट की रफ्तार प्रभावित हो रही थी। प्रधानमंत्री के हस्तक्षेप के बाद भूमि अधिग्रहण और निर्माण कार्यों में तेजी आई। इस परियोजना के चार लेन में परिवर्तित होने से लखनऊ और सुल्तानपुर के बीच आवागमन और ज्यादा सुगम और सुरक्षित होगा। प्रगति के माध्यम से अपनाए गए सक्रिय सुशासन और समयबद्ध क्रियान्वयन के मॉडल ने यह साफ कर दिया है कि प्रभावी निगरानी और जल्द लिये गये फैसलों से समयबद्ध ढंग से परियोजनाओं को पूरा किया जा सकता है। समाचार कक्ष से फजल इनाम।*

————————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन कल से किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता राज्य के 75 जनपदों से चयनित 1651 से अधिक प्रतिभागियों की सहभागिता के साथ 20 विभिन्न स्किल्स में आयोजित होगी।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का युवा तकनीकी रूप से दक्ष, नवाचारी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता इंडिया स्किल्स कंपटीशन–2026 की चयन प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण चरण है, जिसके माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाली श्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता तीन चरणों में 23 जनवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी।

——————————

राष्ट्रीय युवा दिवस के क्रम में आज लखनऊ में अभ्युदय यूथ क्लब ने 'समरस मैराथन' का आयोजन किया। प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने इस मैराथन का झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर

श्री सिंह ने कहा कि खेलेगा भारत–खिलेगा भारत को परिकल्पना को साकार करने के लिये ऐसे आयोजन जरूरी है। और जानकारी हमारे प्रतिनिधि से...

*स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से प्रेरित यह 5 किलोमीटर की मैराथन दौड़ कुड़ियाघाट से ग्रीन कॉरिडोर रोड पर आयोजित की गई। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए पुरुष एवं महिला धावकों ने भाग लिया पुरुष वर्ग में पहले स्थान पर रवि कुमार पाल रहे जिन्होंने– 15 मिनट 32 सेकंड अपनी दौड़ पूरी की। दूसरे नंबर पर इस्लाम अली और तीसरे पर राजेश सिंह रहे। महिला वर्ग में प्रथम स्थान शशि लता को मिला जबकि दूसरे पर वर्षा सिंह और तीसरे पर सृष्टि सिंह रही। सभी धावकों को वरीयता के हिसाब से दस हजार, पांच और तीन हजार रुपए का इनाम दिया गया। 7 धावकों को 500–500 रुपये के सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। मुमताज अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

————————————

जौनपुर जिले में केराकत के एस. डी. पब्लिक स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा ज़ीनत शेख रक्षा और शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त पहल पांचवे 'वीरगाथा प्रोजेक्ट' की राष्ट्रीय विजेता बनी हैं। इस साल गणतंत्र दिवस परेड में उन्हें विशेष अतिथि के रूप में शामिल होने का अवसर मिलेगा। माध्यमिक स्तर पर चुने गये पचास छात्रों में जीनत शेख ने भी अपना स्थान बनाया है। जीनत शेख इस सफलता पर खासी उत्साहित हैं। बाइट...

*मेरा नाम जीनत शेख है। मैंने वीरगाथा प्रोजेक्ट 5.0 जो कि सीबीएसई बोर्ड न्यू दिल्ली द्वारा आयोजित होता है, जिसका आयोजन रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय करता आया है। सन 2025 में मेरा चयन राष्ट्रीय स्तर पर उन सभी बच्चों के साथ हुआ है, जिसका श्रेय मैं अपने स्कूल एसजी पब्लिक स्कूल चेयरमैन मैम, मैनेजर सर, प्रिंसिपल सर सभी टीचर्स और अपने परिवार को देना चाहूंगी। मैं शुक्रिया अदा करना चाहूंगी अपने प्रधानमंत्री का जिन्होंने हमें यह मौका दिया।*

————————————

वाराणसी के सिगरा स्टेडियम के इंडोर कोर्ट में आयोजित 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आज समापन हो गया है। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में रेलवे ने केरल की टीम को एकतरफा मुकाबले में हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया, वहीं महिला वर्ग में केरल की टीम रेलवे को हराकर विजेता बनी।

नगर निगम की ओर से आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और महापौर अशोक कुमार तिवारी ने विजेता टीमों को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए।

————————————

राज्य के लगभग सभी जिलों में घने कोहरे के साथ ठंड का क्रम जारी है। सड़क, रेल और हवाई सेवाओं पर भी इसका असर पड़ा है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक अधिकांश जिलों विशेषकर पूर्वांचल के देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, सिद्धार्थनगर और पश्चिमी क्षेत्र के सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत और मेरठ में घना कोहरा और ठंड का अनुमान जताया है। वहीं बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, नोएडा, अमरोहा, रामपुर, बरेली और बुलंदशहर में शीतलहर की संभावना व्यक्त की है।